हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 20 जनवरी 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 11.2 डिग्री


4

अग्निकाल से पहले एक्शन मोड में वन विभाग




## खबर संक्षेप

### सहायक ग्रेड 2 गिरीश निलंबित

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने 48 घंटे से अधिक अवधि से पुलिस अभिरक्षा में रखे जाने पर महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के सहायक ग्रेड 02 श्री गिरीश कुमार वारे को तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। विदित हो कि उप पुलिस अधीक्षक, एन्टी करप्शन ब्यूरो, अंबिकापुर कार्यालय के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के सहायक ग्रेड 2 गिरीश कुमार वारे को 8 जनवरी को शाम 8.30 बजे गिरफ्तार कर 48 घंटे से अधिक अवधि से पुलिस अभिरक्षा में रखे जाने के फलस्वरूप छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण व अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि मे गिरीश कुमार वारे को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### ढोल नहीं देने से नाराज युवकों ने युवक की पिटाई

**अम्बिकापुर।** महादेव खेलने के लिए ढोल नहीं देने से नाराज हुए दो युवकों ने एक युवक की बेदम पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम असकला आमापारा निवासी रमेश पैकरा आ. सबल सिंह (25 वर्ष) गत दिन घर के आंगन में बैठा था। इसी दौरान गांव के ही गर्रा व बलबीर पहुंचे और महादेव खेलने के नाम पर युवक से उसके ढोल को मांगने लगे। युवक ने परिजन से पूछकर ले जाने की बात कही तो दोनों नाराज हो गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### घर से स्कूटी व बाइक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** घर के पोर्च में खड़े बाइक और स्कूटी की चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के वाहन बरामद किए है। बताया जा रहा है कि लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम चिरंगा नवापारा निवासी रघुवीर अग्रवाल 16 जनवरी को परिवार के सभी सदस्य किसी काम से अंबिकापुर गए हुए थे और रघुवीर अग्रवाल ने शाम को घर के बाउंड्री में मौजूद मेन गेट में ताला लगा दिया और सोने चला गया। रात के समय रघुवीर अग्रवाल की पत्नी और बच्चे वापस आए तो देखा कि उसकी बाउंड्री में लगा मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और पोर्च में खड़ी होंडा बाइक क्रमांक सीजी 15 डीयू 8552 व स्कूटी जुपिटर क्रमांक सीजी 15 ईडी 6867 चोरी हो गई थी। इसके साथ ही चोर ने परिसर में लगे दो नग सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया था। ऐसे में युवक की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। इस मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने नवापारा ऊपरपोड़ी निवासी 20 वर्षीय बबुआ उर्फ संजय मरावी आ. केश्वर सिंह मरावी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बाइक व स्कूटी को बरामद किया है इसके साथ ही ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे का रॉड जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना लुंड्रा सउनि महेन्द्र सिंह, एसआर साहू, आरक्षक शिव प्रसाद खलखो, विरेन्द्र खलखो, बालकेश्वर सिंह सक्रिय रहे।

### सरगुजा ओलम्पिक खेल में हिस्सा लेने पंजीयन 25 तक

**अंबिकापुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि संचालनालय खेल एवं कल्याण रायपुर द्वारा जारी पत्रानुसार सरगुजा ओलम्पिक खेल का पंजीयन प्रारम्भ हो चुका है, सर्व प्रथम प्रतियोगियों को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन पंजीयन 12 जनवरी तक कराए जाने थे। जिसमें संशोधन करते हुए पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जनवरी तक है। उन्होंने बताया कि अब विकासखण्ड स्तरीय आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक, जिला स्तरीय आयोजन 5 फरवरी से 10 फरवरी तक, संभाग स्तरीय आयोजन 01 मार्च से 3 मार्च तक आयोजित होगा। बता दें विकासखण्ड स्तर पर पंजीयन हेतु इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाईन विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय- जनपद कार्यालय, नगर पंचायत अथवा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला कार्यालय के माध्यम से किया जा सकेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। विकासखण्ड स्तर पर एथलेटिक्स में 100 मी. 200 मी. 400 मीटर, दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, 4x100 रिले रेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो-खो, बालीबाल. बास्केटबाल आयोजित होंगे। हॉकी एवं कुश्ती के खिलाडी सीधे जिले स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

## जिले में अंतिम व्यक्ति तक सड़क सुविधा पहुंचाने तेजी से हो रहा कार्य

# सड़क कनेक्टिविटी को मिल रही नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में अभूतपूर्व स्तर पर सड़क विकास कार्य चल रहे हैं। प्रदेश में विकास की गति नई ऊंचाइयों को छू रही है और जशपुर जिला भी इस परिवर्तन का साक्षी बन रहा है, जहाँ अब हर दिशा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके तहत जशपुर जिले में 914 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 603 से अधिक सड़कों की स्वीकृति मिली है। इसमें लोक निर्माण विभाग के माध्यम से जिले में 103 सड़कों के निर्माण हेतु 567 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे दूरस्थ अंचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने तथा ग्रामीण जीवन स्तर में ठोस सुधार लाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

- दो वर्षों में 914 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से लगभग 603 सड़कों की मिली स्वीकृति

मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत भी जिले में व्यापक कार्य हो रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत 93 सड़कों के निर्माण के लिए 239 करोड़ 26 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है, जिन मार्गों का कायाकल्प किए जाने से ग्रामीण इलाकों को कीचड़ और बदहाल रास्तों से स्थायी राहत मिलेगी। यह वही ऐतिहासिक योजना है जिसे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्रामीण भारत को मुख्य मार्गों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रारंभ किया था। साय सरकार के दो वर्षों में जशपुर में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं में सार्थक सुधार दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत 378 सीसी सड़क निर्माण कार्यों के लिए 31 करोड़ 34 लाख रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की गई है, जिससे मोहल्लों, गलियों और आंतरिक बस्तियों में आवागमन और अधिक सुगम होगा। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों एवं वनांचल क्षेत्रों में 76 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से 29 नई सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। आगामी वित्तीय वर्ष में भी कई नई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिनमें सीमावर्ती और दुर्गम क्षेत्रों तक सड़क सुविधा पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्य सड़क निर्माण कार्य- जिले को मिली स्वीकृति के मुख्य कार्यों में लूडेग तपकरा मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य लंबाई 41 किलोमीटर, बागबहार कोतबा मार्ग लंबाई 13.20 किलोमीटर चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, जशपुर आस्ता कुसमी मार्ग का उन्नयन एवं मजबूतीकरण कार्य, बतौली बगीचा ⏭ शेष पेज 4 पर



### सड़क निर्माण से बदलती ग्रामीण तस्वीर

शासन का उद्देश्य है कि जिले की हर बस्ती को बारहमासी सड़क सुविधा मिले, ताकि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के विभिन्न क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। नई सड़कों के निर्माण से स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक ग्रामीणों की पहुंच सुगम होगी। कृषि उत्पादों और वनोपज को बाजार तक पहुंचाने में लगने वाला समय और परिवहन खर्च कम होगा, जिससे किसानों और संग्राहकों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। बेहतर सड़कों के कारण एम्बुलेंस, स्वास्थ्य दल और टीकाकरण टीमों को गांवों तक समय पर पहुंचना आसान होगा, जिससे गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार आएगा। निर्माण के दौरान स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिलेगा और सड़क निर्माण के बाद परिवहन साधनों, ग्रामीण व्यापार, दुकानों और सेवा आधारित गतिविधियों में वृद्धि होगी, जिससे ग्रामीण आर्थिक सक्रियता में नई ऊर्जा आएगी। पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों तक पहुंच आसान होने से आय के नए अवसर भी विकसित होंगे तथा प्रशासनिक निगरानी और आपदा प्रबंधन कार्यों में भी उल्लेखनीय तेजी आएगी।

## कुनकुरी में झारखंड से आ रहा 500 बोरी अवैध धान जब्त



**जशपुरनगर।** जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। कलेक्टर के निर्देश पर कुनकुरी में झारखंड के बसिया से आ रहा 500 बोरी अवैध धान को राजस्व विभाग की टीम द्वारा पकड़ा गया और नारायणपुर थाना के सुपुर्द किया गया। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को कुनकुरी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम ने सूचना के आधार पर वाहन क्रमांक ब्ळ 04 5494 की जांच की। जांच के दौरान वाहन में 500 बोरी धान लोड पाया गया, जिसके संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछताछ में यह सामने आया कि वाहन बगीचा की ओर जा रहा था। राजस्व विभाग द्वारा वाहन एवं धान को नारायणपुर थाना के सुपुर्द कर दिया गया है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### सोनक्यारी में पिकअप से 25 क्विंटल अवैध धान जब्त



**जशपुरनगर।** धान खरीदी सीजन में अवैध परिवहन पर नकेल कसते हुए जशपुर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। चौकी सोनक्यारी क्षेत्रांतर्गत ग्राम रेमने के जंगल मार्ग पर पुलिस ने झारखंड से लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने की तैयारी कर रहे पिकअप वाहन से 25 क्विंटल धान जब्त किया है। जब्त धान की कीमत लगभग 57 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस को 18 जनवरी की शाम करीब 8 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रेमने के जंगल के ग्रामीण रास्ते से एक सफेद पिकअप क्रमांक जेएच- 07-ई 3510 भारी मात्रा में धान लेकर गुजर रही है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी में 59 बोरियों में 25 क्विंटल धान बरामद हुआ।

## गिरला स्कूल के बच्चों को बाबा भगवान राम ट्रस्ट ने बांटे गर्म कपड़े

**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष बाबा गुरूपद संभव राम के निर्देशन में बाबा भगवान राम ट्रस्ट सोगड़ा एवं सर्वेश्वरी समूह महिला संगठन द्वारा 18 जनवरी को विकासखण्ड जशपुर के बालक प्राथमिक शाला आश्रम गिरला के बच्चों के बीच ठंड से बचाव हेतु ऊनी टोपी,स्वेटर एवं मोजे सहित बिस्किट आदि का वितरण किया गया।

कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे बालक प्राथमिक शाला आश्रम गिरला के प्रागंण में आयोजित किया गया जिसमें लगभग 41 आश्रम के बच्चों को उक्त सामग्रिया वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभ आरंभ बाबा भगवान राम ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान रामजी के चित्र पर विधिवत पूजन कर किया गया। सर्वप्रथम बाबा भगवान राम ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री कृष्ण कुमार ,टप्पू द्वारा ऊनी टोपी,स्वेटर एवं मोजे का वितरण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया तत पश्चात सर्वेश्वरी समूह महिला संगठन जशपुर के सदस्यायों द्वारा टोपी,स्वेटर एवं मोजे वितरण का कार्य सम्पादित किया गया। उक्त




## अच्छी बातों को सीखते रहिए, सफलता जरूर मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

इंदिरा गांधी कन्या स्कूल में शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने छात्राओं को गौ सेवा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

सोमवार को शासन के गौ माता पे परीक्षा कार्यक्रम से पहले शाला विकास समिति के सदस्यों ने छात्राओं के सामने अपने विचार रखे। इसी कड़ी में उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने गौ माता के जानकारी एवं उनके जरूरतों के बारे में बाते बताया। उन्होंने कहा गाय का दूध शरीर को सबसे ज्यादा पौष्टिकता प्रदान करता है। गोबर से खाद बनता है जिससे अच्छी फसल कमाई जाती है। वही उनके मूत्र से अनेक बीमारियों से छुटकारा मिलता है। हमारे जीवन में गौ माता की बहुत ज्यादा महत्व है। जितेन्द्र गुप्ता ने सभी छात्राओं को परीक्षा से पहले कहा कि हमेशा सीखते रहिए जितना ज्यादा सीखेंगे उतना ही आगे बढ़ पाएंगे। स्कूल में परीक्षा में घर में हर समय सीखने को मिलता है। बस आप अच्छी बातों को सीखते रहिए जरूर सफलता मिलेगी। इंदिरा गांधी कन्या स्कूल की प्राचार्य केके इंदवार ने कहा हमें शासन से निर्देश प्राप्त हुआ था कि गौ माता के परीक्षा से पहले शाला समिति के सदस्यों का उद्बोधन जरूरी है। आप सभी आये और हमारे स्कूल के छात्राओं को गौ माता के बारे में बाते बताया जिससे ये छात्राएं अपने परीक्षा में उसके महत्व के बारे में लिखेंगे। इस दौरान शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



## कृषक बलदेव को प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का मिला लाभ



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले के कृषकों को कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं से निरंतर लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना अंतर्गत घटक नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑइल (तिलहन) योजना के तहत बगीचा विकासखण्ड के ग्राम सुलेसा निवासी किसुन राजवाड़े को सरसों बीज कृषि विभाग से अनुदान में प्रदाय किया। कृषक श्री राजवाड़े ने 1 हे. रकबे में सरसों की खेती किया।

उन्हें ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा बीज के साथ-साथ सूक्ष्म पोषक तत्व खाद एवं दवाई भी दिया गया। जिससे लागत में कमी आयी तथा समय-समय पर कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा खेत का निरीक्षण कर आवश्यक सलाह एवं मार्गदर्शन दिया। अभी कृषक की फसल काफी अच्छी स्थिति में है। कृषक बलदेव राजवाड़े ने बताया कि उनके पास कुल 2.512 हेक्टर जमीन हैं। जिसमें सभी जमीन में खरीफ सीजन में धान की खेती करते है तथा रबी सीजन में पर्याप्त सिंचाई सुविधा न होने से खेत खाली रहता था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री मनीष कुमार गुप्ता से संपर्क किया और उन्होने मुझे कृषि विभाग के विभिन्न योजना के सम्बन्ध में जानकारी दिया। मुझे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा रबी में सरसों फसल की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। मेरी फसल का उपज अच्छा होने से मेरी खाद्य तेल की बाजार पर निर्भरता कम होगी एवं बाजार भाव अच्छा मिलने पर अच्छी आमदनी होने की संभावना है।

## स्वयंसेवकों ने चलाया एस्ट्रोटर्फ परिसर में स्वच्छता अभियान



**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत महाविद्यालय परिसर एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गौतम कुमार सूर्यवंशी एवं प्रिंसी कुजूर के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों श्रमदान एवं सेवा भावना का परिचय दिया।

स्वयंसेवकों ने विशेष रूप से स्थानीय हॉकी स्टेडियम परिसर को अपना कार्यक्षेत्र चुना, जहाँ बिखरे हुए प्लास्टिक के कचरे, ईंट के टुकड़ों, कांच के अवशेषों और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को चुन-चुनकर एकत्र किया। इसके साथ ही पवेलियन क्षेत्र में झाड़ू लगाकर पूरे स्टेडियम परिक्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाया गया। स्वच्छता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवक गौतम यादव ने कहा कि स्वच्छता को हम कार्य के रूप में नहीं, बल्कि अपनी व्यक्तिगत आदतों और सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार किए है। उन्होंने उपस्थित सभी स्वयंसेवकों के साथ मिलकर यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं सफाई बनाए रखेंगे, बल्कि आम नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति निरंतर प्रेरित करेंगे।

### समाज को सकारात्मक दिशा देने का बेहतर प्रयास

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अपनी निस्वार्थ सेवा से समाज को एक नई और सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों से युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक संवेदनशीलता का विकास होता है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण सहभागिता

इस पूरे अभियान को सफल बनाने में कर्मा सन्यासी, नम्रता तिग्गा, सुनैना बाई, गोविंद राम, गिरीशंकर साय, संगीता भगत, हेमपुष्पा, प्रियंका सिंह, संतोषी बाई, सरोजनी बाई सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

## ग्रामीणों के सहयोग से 4 गौवंश सुरक्षित, एक तस्कर गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** जिले में गौ तस्करी के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना आस्ता क्षेत्रांतर्गत ग्राम खोंगा में ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से 4 नग गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया, जबकि एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 जनवरी 2026 की रात्रि करीब 8 बजे ग्राम खोंगा के ग्रामीणों ने थाना आस्ता पुलिस को सूचना दी कि दो संदिग्ध व्यक्ति जंगल के रास्ते पैदल गौवंशों को बेरहमी से मारते-पीटते हुए झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल मौके पर दबिश दी। मौके पर ग्रामीणों ने एक संदिग्ध को 4 गौवंशों सहित पकड़कर रखा था। पूछताछ में उसने अपना नाम बनर्जी भगत उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम डड़गांव, चौकी मनोरा, जिला जशपुर बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने एक साथी के साथ गौवंशों को झारखंड ले जा रहा था। पुलिस ने फरार साथी की पहचान कर ली है, जिसकी तलाश जारी है।

### स्वास्थ्य परीक्षण के बाद गौवंश सुरक्षित

पुलिस ने सभी 4 गौवंशों को सकुशल बरामद कर पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मामले में पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी बनर्जी भगत को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 व 10 के तहत विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## विज्ञान शिक्षण को रोचक, गतिविधि आधारित बनाने का उद्देश्य

# नवीन पाठ्यपुस्तक विज्ञान विषय पर दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा प्रशिक्षण के निर्देशन में नवीन पाठ्यपुस्तक विज्ञान विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड श्रोत केन्द्र के प्रशिक्षण कक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवीन पाठ्यक्रम के अनुरूप विज्ञान शिक्षण को रोचक, गतिविधि-आधारित एवं दक्षता-केंद्रित बनाना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान नवीन पाठ्यपुस्तक की आवश्यकता व महत्व, एनईपी 2020, कॉम्पिटेंसी फोकस्ड लर्निंग, लर्निंग आउटकम, ब्लूम टैक्सनॉमी, प्रश्न निर्माण, आकलन, अनुभवात्मक शिक्षण, कला शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, योग एवं खेल जैसे विषयों पर समेकित रूप से चर्चा की गई। विज्ञान के विभिन्न अध्यायों को गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत कर शिक्षण को अधिक व्यावहारिक, प्रभावी एवं छात्र-केंद्रित बनाने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही शिक्षा विभाग की योजनाओं, मापन एवं चुंबक जैसे अध्यायों तथा विद्यार्थियों में नवाचार एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर भी जोर दिया गया।



### प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान कक्षा में प्रभावी होना चाहिए.


इस अवसर पर बीईओ तरुण पटेल ने शिक्षकों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं गतिविधियों को कक्षा शिक्षण में प्रभावी रूप से लागू करें तथा सतत आकलन के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रगति सुनिश्चित करें। वहीं बीआरसी आशुतोष शर्मा ने विज्ञान विषय में प्रयोगात्मक एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण को प्राथमिकता देने तथा प्रश्न निर्माण में अवधारणात्मक स्पष्टता रखने के निर्देश दिए।

### प्रमाणपत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन

यह प्रशिक्षण ओमप्रकाश चौधरी डीआरजी, सत्यदीप प्रसाद एमटी सरोज एक्का एमटी एवं चंद्रशेखर भगत शिक्षक के सक्रिय सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रतिभागी शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की एवं प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेमलाल बर्मन एवं नरेन्द्र बघेल का सहयोग रहा प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने आज जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।



## खबर संक्षेप

### प्रदेशभर में आज एक साथ होगी गौ विज्ञान परीक्षा

**रामानुजनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा का प्रथम चरण 19 जनवरी को दोपहर 1 बजे से पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा प्रदेश के 33 जिलों के 6 हजार से अधिक शिक्षण संस्थानों में एक साथ संपन्न होगी, जिसमें 1 लाख 70 हजार से अधिक विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। संस्था द्वारा परीक्षा की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर को गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रदेश परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी ने बताया कि गौ विज्ञान परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सहभागी सभी विद्यार्थियों को संस्था की ओर से गौ विज्ञान ग्रंथ उपलब्ध कराया गया है, जिसमें गाय से संबंधित विभिन्न वैज्ञानिक तथ्यों को प्रमाणिक रूप से प्रस्तुत किया गया है। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने घरों में किचन गार्डन का निर्माण किया गया है, जिसका विधिवत प्रशिक्षण संस्था द्वारा प्रदान किया गया।

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव 23 को



**बिश्रामपुर।** नगर के बस स्टैंड समीप दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का 34वां वार्षिक उत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा,इस वर्ष बसंत पंचमी का पर्व शुक्रवार 23 जनवरी को मनाया जाएगा,जिसे लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं,वार्षिकोत्सव के एक दिवस पूर्व गुरुवार,22 जनवरी को अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया जाएगा,जिसकी पूर्णाहुति अगले दिन बसंत पंचमी को होगी,बसंत पंचमी के दिन प्रातः 10 बजे से शास्त्रार्चन, पूजन एवं अभिषेक का आयोजन किया जाएगा,इसके पश्चात अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति के उपरांत हवन एवं आरती संपन्न होगी,धार्मिक अनुष्ठानों के समापन के बाद दोपहर 1 बजे से अखंड भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है,वार्षिकोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में रंग-रोगन व अन्य मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं,साथ ही परिसर को आकर्षक विद्युत झालरों, टेंट एवं पंडाल से सजाया-संवारा जा रहा है,मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

### मंत्री नेताम की पहल पर युवक का तमिलनाडु में होगा इलाज



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड 11 निवासी अमित कश्यप आ.जय गोविंद कश्यप (27 वर्ष) का विगत वर्ष में हुए एक सड़क दुर्घटना के बाद रीढ़ की हड्डी की गंभीर समस्या से पीड़ित हैं। इलाज के लिए आवश्यक ऑपरेशन में लाखों रुपये का खर्च आने के कारण परिवार आर्थिक संकट में था। इस स्थिति में अमित कश्यप ने दीन हीन सेवा समिति तथा कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम से संपर्क किया। मंत्री के सहयोग से मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इस राशि से उनका इलाज तमिलनाडु के सीएमसी वेल्लोर में किया जाएगा। अमित कश्यप एवं उनके परिजन ने इस सहयोग के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम तथा दीन हीन सेवा समिति के प्रति आभार व्यक्त किया है। अमित कश्यप उर्फ ननकू के निवास पर मंत्री प्रतिनिधि राहुल गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा के लड्डू कश्यप, जनपद सदस्य अशर्फी यादव एवं वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद सिद्धांत यादव, भाजपा नेता बीरबल सरुता ने पहुंचकर उनसे मुलाकात की, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### भारतीय किसान संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** भारतीय किसान संघ ने धान खरीदी के विसंगतियां को दूर करने और धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाने की मांग की है। अपनी मांगों को लेकर संघ ने कलेक्टर सरगुजा के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान संघ के लोगों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा की जा रही धान खरीदी इस वर्ष शुरुआत से ही भारी अव्यवस्था का शिकार रही है, किसान लगातार अपनी उपज बेचने के लिए परेशान है लेकिन शासन प्रशासन की ओर से समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। कभी टोकन जारी नहीं होना, कभी खरीदी में सीमा लिमिट कम करना तो कभी खरीदी केन्द्र पर अव्यवस्था इन सभी कारण से किसान महीनों से भटकता रहा। शासन के दिशा निर्देश धान खरीदी केन्द्र की प्रक्रिया को सुगम करने का प्रयास करने की बजाय भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों को ईमानदारी पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। भारतीय किसान संघ के प्रदेश युवा प्रमुख किशोर सिंह बघेल द्वारा बताया गया कि किसानों को इतना परेशान किया जा रहा है, शासन की नजर में जैसे लग रहा है की किसान धान की खेती नहीं बल्कि गांजा की खेती कर रहे है।

#### जिले में प्रवास के दौरान सीएम ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# सेवा भाव के साथ जनहित में कार्य करें अधिकारी : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने शनिवार की देर शाम अधिकारियों की जिला स्तरीय बैठक ली। कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, जिपं सीईओ विजेन्द्र पाटले की उपस्थिति में आयोजित बैठक के दौरान सीएम ने धान खरीदी की वस्तुस्थिति पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सीएम ने किसानों की सहूलियत, धान खरीदी से लेकर उठाव जैसे विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वास्थ्य को लेकर भी आवश्यक जानकारी ली गई, सीएमएचओ को निर्देशित किया गया कि सभी क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिले। उन्होंने चांदनी बिहारपुर जैसे दूरस्थ अंचलों के विषय पर भी जानकारी ली और वहां की बुनियादी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव बना कर भेजने के निर्देश कलेक्टर को दिए गए ताकि शीघ्र उन स्थानो पर बेहतर सेवा उपलब्ध करायी जा सके। सीएम ने सड़क की वस्तुस्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा व सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो इस बात पर विशेष बल दिया। बिजली व्यवस्था व पीएम सूर्य घर के संबंध में जानकारी ली। विद्युत विभाग के अभियंता को पीएम सूर्य घर के सकारात्मक पहलुओं का बेहतर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये ताकि आमजन को पीएम सूर्य घर योजना का लाभ मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों को स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी नियमित फील्ड विजिट करे व अपने कर्तव्य स्थल पर ही निवासरत रहें ताकि विकास की दिशा में बेहतर कार्य हो सके। उन्होंने सेवा भाव के साथ सभी अधिकारियों को जनहित मे कार्य करने की सलाह दी। इसके साथ ही सीएम ने प्रवास के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, प्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों से मुलाकात की। उन्होंने समाज के हित में किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही सभी सामाजिक प्रतिनिधियों से कहा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में भागीदारी निभाने के लिए समाज को प्रेरित करें। इस दौरान कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भुलन सिंह मरावी, वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, भीमसेन अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

**खास बात**
- विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा



मुख्यमंत्री का स्वागत करते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

### सूर्यघर योजना के तहत सोलर सिस्टम का निरीक्षण

सीएम विष्णु देव साय ने रविवार को विकासखंड के सरना पारा, पर्री निवासी श्रीमती राजकुमारी द्विवेदी के निवास पर पहुंचकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत स्थापित सोलर सिस्टम का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने घर की छत पर लगाए गए सोलर पैनल एवं उससे जुड़ी तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और योजना के ज़मीनी क्रियान्वयन को नजदीक से देखा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रीमती द्विवेदी एवं उनके परिवारजनों से आत्मीय बातचीत की और योजना से प्राप्त हो रहे लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध कराना है।

### पीएम आवास हितग्राही के घर पहुंचे

प्रवास के दौरान रविवार को सीएम श्री साय प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कालीचरण के निवास पर पहुंचकर उनके पक्के आवास का निरीक्षण किया और परिवारजन से संवाद किया। मुख्यमंत्री का अपने घर पर आगमन पाकर हितग्राही एवं उनके परिजन भावविभोर दिखाई दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का मूल उद्देश्य यही है कि प्रदेश का कोई भी पात्र परिवार आवास जैसी बुनियादी आवश्यकता से वंचित न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पक्का घर केवल चार दीवारें और छत नहीं, बल्कि वह परिवार के लिए सुरक्षा, स्थायित्व और सम्मानजनक जीवन की नींव होता है। सरकार की प्राथमिकता है कि गरीब, वंचित और जरूरतमंद परिवारों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबके लिए आवास के संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ ज़मीन पर उतार रही है।



## सूचना तंत्र को सशक्त करने ली कोटवारों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग,नवा रायपुर द्वारा ग्राम कोटवारों के कर्तव्यों एवं उपस्थिति के संबंध में जारी निर्देशों के परिपालन में रविवार को लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटवारों की बैठक आयोजित की गई,

बैठक में चौकी क्षेत्र के कुल 15 ग्राम कोटवार उपस्थित रहे,इस दौरान उपस्थित कोटवारों को शासन द्वारा जारी गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी दी गई,कोटवारों को निर्देशित किया गया कि वे अपने ग्राम में मुसाफिर पंजी अनिवार्य रूप से संधारित करें तथा माह में दो बार चौकी/थाना में उपस्थित होकर गांव में होने वाली अवांछित गतिविधियों एवं अपराधों की जानकारी पुलिस को दें,इसके साथ ही कोटवारों को अपने-अपने ग्राम में जन्म एवं मृत्यु से संबंधित रजिस्टर संधारित करने तथा इसकी नियमित सूचना ग्राम सचिव को देने के निर्देश भी दिए गए। उक्त बैठक के माध्यम से ग्राम स्तर पर सूचना तंत्र को सशक्त करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोटवारों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया,इस दौरान लटोरी चौकी प्रभारी अरुण कुमार गुप्ता,सहायक उप निरीक्षक मानिक दास,प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल, मनोज सिरदार सहित ग्राम कोटवार अमरसाय, पंचम दास, बाबूलाल एवं अन्य उपस्थित रहे।

- कोटवारों के कर्तव्यों व दायित्वों की दी गई जानकारी, 15 गांवों के कोटवार हुए शामिल

### लम्बे समय से बीमारी से तंग होकर महिला ने की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर पंडरीपारा निवासी 40 वर्षीया महिला ने लम्बे समय से बीमारी से तंग होकर अपने घर में खुदकुशी कर ली है,मृतिका के पति की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है,पुलिस ने बताया कि मृतिका फुलमेतबाई को पाइल्स बीमारी की शिकायत लंबे समय से थी जिससे वह अक्सर दर्द से परेशान रहती थी,शुक्रवार को वह अपने पति के साथ मायके लाछा से उपचार कराकर लौटी थी, इसी दौरान उसने घर के कमरे में फांसी का फंदा बना खुदकुशी कर ली,परिजन की रिपोर्ट पर मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी गठित



**प्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ की जिला एवं ब्लॉक इकाई प्रतापपुर की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। 16 जनवरी को ब्लॉक इकाई प्रतापपुर की एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी एवं ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह के अनुमोदन के पश्चात सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन एवं विस्तार किया गया। प्रतापपुर विकासखंड से कई शिक्षकों को जिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। जिला कार्यकारिणी में भूपत सिंह चौहान को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती प्रतिमा सिंह को जिला उपाध्यक्ष, कृपाल नाथ तिवारी को महिला प्रकोष्ठ जिला संगठन सलाहकार, धर्मपाल सिंह को जिला संयोजक, भास्कर सिंह को जिला सचिव, करमचंद गुप्ता को जिला महामंत्री तथा बहादुर खान और अखिलेश पांडे को जिला संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। ब्लॉक स्तर पर राजकुमार सिंह को पुनः ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। मोतीलाल सिंह को संरक्षक, जनार्दन गुप्ता एवं मुन्ना राजवाड़े को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आनंद गुप्ता, दुर्गा शरण सिंह एवं महेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। कुंदन मिश्रा संगठन सलाहकार, शैलेश जायसवाल सचिव, महावीर राम एवं शिव दुलार पाटले महामंत्री, अजय कुशवाहा कोषाध्यक्ष, उज्जैन यादव मीडिया प्रभारी, विनय तिवारी प्रवक्ता, विष्णु जायसवाल, सरजू प्रसाद धुर्वे एवं मुकेश राजवाड़े संगठन सचिव तथा रामेश्वर राजवाड़े को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। महिला प्रकोष्ठ के विस्तार को लेकर आगामी बैठक में निर्णय लेने पर सहमति बनी।

## विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी का भाजपा कार्यालय में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम का जिला स्तरीय कार्यशाला सांसद चिंतामणि महाराज, संभाग प्रभारी अंबिकेश केशरी व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई।

सरगुजा संभाग प्रभारी अंबिकेश केशरी ने भारत जी राम जी अधिनियम के विस्तार से जानकारी दी। जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लाया गया है जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था वहीं इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। खेती - किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। जिला स्तरीय कार्यशाला आगामी दिनों मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित कर जनजागरण अभियान किया जाएगा।

इस दौरान गोपाल कृष्ण मिश्रा, अजीत सिंह, शशिकला भगत, संजय सिंह, दीनानाथ यादव, अरुण केसरी,अजय गुप्ता, हीरामणि निकुंज, मुकेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, बसंती भगत, अजय यादव, सुषमा मिंज, मंगलम पाण्डेय, विजय प्रताप सिंह, सीताराम गुप्ता, धीरेन्द्र द्विवेदी, शिव शंकर शुक्ला, रजनी सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



## युवा उड़ान में विद्यार्थियों को मिलेगा करियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग सरगुजा के विद्यार्थियों के लिए करियर-उन्मुख कार्यक्रम युवा उड़ान 2026 का आयोजन 22 जनवरी को सुबह 11 बजे कला केंद्र मैदान में आयोजित करेगा। युवा आयोग द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय तोमर ने जिले के वरिष्ठ प्राध्यापकों व शिक्षकों का सम्मान करते हुए कार्यक्रम के पोस्टर विमोचन किसर। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सुपर 30 के संस्थापक और पद्मश्री से सम्मानित गणितज्ञ आनंद कुमार विद्यार्थियों को युवाओं के बीच लोकप्रिय लेखक नीलोत्पल मृणाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और छात्रों से सपनों, संघर्ष, अनुशासन और करियर से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सरगुजा के विद्यार्थियों में शिक्षा, करियर विकल्पों और भविष्य की तैयारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि उन्हें सही दिशा और मार्गदर्शन मिल सके। यह कार्यक्रम कक्षा 9वीं से लेकर कॉलेज तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है इस आयोजन में छात्रों को प्रेरणा, आत्मविश्लेषण और करियर निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा। उपस्थित विद्यार्थियों को अध्ययन रणनीतियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर संभावनाओं और जीवन कौशल पर व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। युवा आयोग ने जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थानों और अभिभावकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को भाग लेने हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार झा, बीके वर्मा, एसके त्रिपाठी, आरके सेगर, सुदामा मिश्र, कैलाश दीक्षित, ब्रजेश पाण्डेय, देवेंद्र नाथ दुबे, दिवाकर वर्मा, दिनेश्वर भगत व संतोष दास सरल, रविशंकर तिवारी, रामकुमा, सर्वजीत पाठक आदि उपस्थित रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत निर्मित परिसम्पत्ति एवं गतिविधियों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने हेतु राज्य सलाहकार राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण श्रीमती मोनिका सिंह ने जनपद पंचायत अम्बिकापुर एवं उदयपुर का निरीक्षण किया।

- स्वच्छता दीदियों व गामीणों से की मुलाकात



उन्होंने उदयपुर जनपद परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम उदयपुर, रामनगर, पुटा, झिरमिट्टी तथा अंबिकापुर परिक्षेत्र के ग्राम सकालो व अजीरिमा में मिशन अंतर्गत क्रियान्वित कार्यों एवं घटकों का अवलोकन किया। इस दौरान ग्रामीणों व पंचायत स्तरीय अमलों को संबोधित करते हुए मिशन के कार्यों व विभिन्न घटकों को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित व प्रसारित करने कहा। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अन्तर्गत संलग्न महिला स्व सहायता समूह से चर्चा की साथ ही घर पर ही गीले व सूखे कचरे को पृथक-पृथक करने हेतु लोगों स्वच्छाग्रह किया। इस दौरान 15वें वित्त से समूहों के मानदेय हेतु उपस्थित सचिव व सरपंच को निर्देशित किया गया। सभी ग्रामीणों से यूजर चार्ज हेतु चर्चा एवं जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सामुदायिक शौचालय व सोकपिट निर्माण के क्रियाशीलता, उपयोग तथा रखरखाव किए जाने कहा गया। इस दौरान ओडीएफ स्थायित्व व ओडीएफ प्लस ग्राम निर्माण को लेकर डोर-टू-डोर स्वच्छता संवाद करने, स्कूल एवं आंगनबाड़ियों में सम्पर्क कर स्वच्छता के महत्व को बताए जाने, मॉडल ग्राम निर्माण को लेकर कोटवार एवं चौकीदार के माध्यम से नियमित स्वच्छता मुनादी करने, प्रत्येक शनिवार और रविवार को विशेष स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन तथा स्वच्छाग्राही दीदीयों का नियमित स्वास्थ्य परिक्षण, जिला एवं जनपद स्तर पर सम्मान करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

## नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित शिक्षकों का तीन केंद्रों में प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विकासखंड सूरजपुर में प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन करा रहे शिक्षकों का नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण संपन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण शासकीय तीन अलग अलग केंद्रों में संपन्न हुआ। जिसमें कुल 295 प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण डाइट अंबिकापुर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया गया।

- 295 प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों ने लिया हिस्सा

प्रशिक्षण के दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक संजय गुप्ता ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में सीखी गई शिक्षण विधाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखा जाए,उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब इसका सीधा लाभ बच्चों को मिले और



उनके सीखने के स्तर में सकारात्मक सुधार दिखाई दे।संयुक्त संचालक ने शिक्षकों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई नई शिक्षण पद्धतियों और गतिविधियों का नियमित रूप से कक्षा शिक्षण में प्रयोग किया जाए,बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए शिक्षण सहायक सामग्री का निर्माण और उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने रटंत पद्धति को त्यागकर खेल-खेल में एवं गतिविधि आधारित शिक्षा पर जोर देने की बात कही। श्री गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण के उपरांत विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाएगा, जिसमें यह देखा जाएगा कि शिक्षक प्रशिक्षण में प्राप्त कौशल का वास्तविक उपयोग कक्षाओं में कर रहे हैं या नहीं। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण केवल एक औपचारिकता नहीं है,सरकार द्वारा शिक्षकों के कौशल विकास पर भारी निवेश किया जा रहा है,यदि यह ज्ञान बच्चों तक सही रूप में नहीं पहुँचता,तो यह संसाधनों का अपव्यय है। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार मंडल ने कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात विद्यालय स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर उसका नियमित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए,ताकि बच्चों की समझ,रुचि एवं शैक्षणिक उपलब्धियों में गुणात्मक वृद्धि हो सके। संस्था के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य ने प्रशिक्षणार्थियों से अपेक्षा जताई कि वे प्राप्त प्रशिक्षण को व्यवहार में उतारते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं,प्रशिक्षण कार्यक्रम में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर की प्राचार्य सुचिता खलको, बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े सहित मास्टर ट्रेनर्स चंद्रकला कुशवाहा,जीवंती एक्का, मनीष केहरी,राजेश जायसवाल,मेरी रोशन लकड़ा, सुनीता यादव,बसंत मंडल,सुनीता भगत एवं सरिता तिर्की उपस्थित रहे, प्रशिक्षण को सफल बनाने में प्रभारी के रूप में गौरी शंकर पांडेय, जितेंद्र तिवारी, पंकज सिंह, सुधीर पटेल, कीर्ति कौशल दुबे एवं संतोष बड़ा सक्रिय रहे।

### ग्राम करंजी में बालक छात्रावास व हाई स्कूल परिसर में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर दस दिनों से खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम करंजी में प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास एवं हाईस्कूल परिसर के पास लगा विद्युत ट्रांसफॉर्मर पिछले करीब दस दिनों से खराब पड़ा है जिस कारण पूरे परिसर की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। बिजली बंद होने से छात्रावास में रहने वाले दर्जनों बच्चों को रोजमर्रा के कामों के साथ भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,ठंड के समय शाम होते ही पूरा परिसर अंधेरे में डूब जाता है।

मोबाइल के टॉर्च के जरिए पढ़ाई करने वाले छात्र पूरी तरह असहाय हो चुके हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि आगामी दिनों में स्कूल की वार्षिक परीक्षाएं होनी हैं, लेकिन बिजली गुल रहने से बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। छात्र ढिबरी युग में पढ़ने को मजबूर हैं जिससे न केवल उनकी



आंखों पर असर पड़ रहा है, बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ता जा रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि शिक्षा से जुड़े संस्थानों के समीप स्थापित ट्रांसफॉर्मर इतने दिनों तक खराब रहना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। ग्राम करंजी के सरपंच ने मुख्य अभियंता विद्युत विभाग सूरजपुर को पत्र लिखकर खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को तत्काल बदलकर नये ट्रांसफार्मर स्थापित करने की मांग की है।



# पांच साल पुरानी पोस्ट पर खड़ा हुआ हंगामा

**मुंबई।** एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक स्क्रीनशॉट वायरल है, जिसमें एक लड़की भूषण कुमार और नोरा फतेही के लिंकअप पर बात कर रही है। वह कहती है, 'नोरा लग्जरी बैग, कपड़े, कार का खर्च कैसे उठा सकती हैं। वह पोस्ट में इसकी वजह भूषण कुमार के साथ उनके कथित रिश्ते को बताती है। यह पोस्ट लगभग पांच साल पुरानी है। लेकिन, हाल में भी जब इस पोस्ट का स्क्रीनशॉट सामने आया तो नोरा ने इस पर रिएक्शन दिया और लिखा, 'वाउ'। इस तरह कहीं ना कहीं नोरा ने इन अफवाहों पर मजाक उड़ाया है।

## लाइफ Style

# त्रिधा

## मेरे सामने उसे गलत तरीके से टच किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अक्सर स्टार्स के साथ छेड़छाड़ और कास्टिंग काउच की खबरें सुनने को मिलती हैं। कई बार एक्ट्रेसेस को फिल्मों और सीरियल्स में रोल के बदले कंप्रोमाइज के ऑफर तक दिए जाते हैं।

ऐसे में अब जानी मानी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने भी अपनी एक फीमेल को-एक्ट्रेस संग सेट पर हुई एक ऐसी ही घटना का जिक्र अपने हालिया इंटरव्यू में किया। त्रिधा ने बताया कि कैसे उसे उनके ही सामने गलत तरीके से टच किया गया था। त्रिधा चौधरी जल्द ही कपिल शर्मा के साथ फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' में नजर आने वाली हैं। मूवी में उनके साथ बिग बॉस फेम और 'धुरंधर' के आइटम सॉन्ग से चर्चा में आईं आयशा खान भी नजर आने वाली हैं। ऐसे में त्रिधा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। इस दौरान त्रिधा ने प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ पर किए गए सभी सवालों के खुलकर जवाब दिए। इंटरव्यू में त्रिधा से पूछा कि क्या कभी किसी ने गलत तरीके से अप्रोच किया है। आयशा ने बिग बॉस में बताया था कि उनके साथ ऐसा कुछ हो चुका है। इस पर त्रिधा ने खुलासा किया, 'फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' के सेट पर एक बार किसी ने आयशा खान को गलत तरीके से छुआ था, और यह घटना उनकी आंखों के सामने हुई थी। त्रिधा अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'हालांकि, उन्होंने मौके पर कोई विरोध नहीं किया लेकिन बाद में इस बारे में बात की और कहा कि ऐसी घटनाओं से बचना चाहिए।



## हॉलीवुड मसाला



# ऑल दैट में की थीं काम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार कियाना अंडरवुड का सिर्फ 33 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो निकेलोडियन के 'ऑल दैट' के आखिरी सीजन में नजर आई थीं। कियाना अंडरवुड 2005 में लोकप्रिय स्केच कॉमेडी सीरीज 'ऑल दैट' के सात एपिसोड में अमांडा बाइनेंस, निक कैनन और केनन थॉम्पसन जैसे सितारों के साथ नजर आई थीं। उन्होंने निकेलोडियन के 'लिटिल बिल' में भी काम किया था। बिल कॉस्बी द्वारा निर्मित एनिमेटेड सीरीज 'लिटिल बिल'में उन्होंने मुख्य किरदार की चचेरी बहन फुच्सिया ग्लोवर को आवाज दी।





# अवतारः फायर एंड ऐश ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून ने साल 2009 में पहली बार 'अवतार' फिल्म बनाई थी। अब इसका तीसरा पार्ट दिसंबर 2025 में रिलीज हुआ। इसने वर्ल्डवाइड 11,200 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म को अब आप घर बैठकर देख सकते हैं। हालांकि, ऑफिशियल ऐलान होना बाकी है। जेम्स कैमरून की साइंस-फिक्शन मूवी 'अवतारः फायर एंड ऐश' ने ग्लोबली बॉक्स ऑफिस पर 11,200 करोड़ रुपए कमाई की। ये 19 दिसंबर 2025 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब आप इसे घर बैठकर ऑनलाइन देख सकते हैं। जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी 'अवतार 3' को ग्लोबली दर्शकों का जबरदस्त रिएक्शन मिला। इसने वर्ल्डवाइड 11,200 की कमाई कर ली है। हालांकि, भारत में सभी भाषाओं में 170 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया।



# रणवीर नहीं, विजय की दीवानी हैं सारा

**मुंबई।** 'धुरंधर' में 20 साल की सारा अर्जुन ने इतनी कम उम्र में वो मुकाम हासिल किया, जिसे पाने में स्टार्स को सालों लग जाते हैं। 'धुरंधर' की सक्सेस के बाद सारा हर जगह सुर्खियों में बनी हुई हैं। लेकिन, आप जानकर हैरान होंगे कि जिस एक्टर के साथ पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री को इतना पसंद किया जा रहा है, वो ही उनका फेवरेट स्टार नहीं, बल्कि कोई और है। दरअसल, हाल ही में सारा अर्जुन 'यूफोरिया' फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचीं। जहां सारा ने अपनी मौजूदगी से हर किसी का ध्यान खींचा। ऐसे में सारा से पूछा गया कि वो किस एक्टर की सबसे बड़ी फैन हैं? लोगों को उम्मीद थी कि वो अपने 'धुरंधर' में उनके को-एक्टर रणवीर सिंह का नाम लेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सारा ने फटाक से जवाब देते हुए कहा कि वो साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा को काफी पसंद करती हैं।



# राजकुमार ने किया बिटिया का नामकरण...

**मुंबई।** राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेबी गर्ल की पहली झलक फैंस को दिखाई है। साथ ही बेटी के नाम से भी पर्दा हटाया है। कपल ने 15 नवंबर, 2025 को बेटी का स्वागत किया था। रविवार को उन्होंने बेटी का नामकरण किया है। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक संयुक्त पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर के साथ लिखा है, 'हाथ जोड़कर और पूरे दिल से, हम अपने सबसे बड़े आशीर्वाद से आपको मिलवा रहे हैं'। आगे उन्होंने बेटी का नाम लिखा है, 'पार्वती पॉल राव'। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेटी की पहली झलक भी हालिया पोस्ट के जरिए दिखाई है। हालांकि, कपल ने बेटी का चेहरा रिवील नहीं किया है। उन्होंने एक फोटो शेयर की है, जिसमें पत्रलेखा और राजकुमार राव ने अपने हाथों में नन्ही परी का हाथ थाम रखा है।

## टीवी मसाला



# आनंद कुमार की सुपर 30 का स्टूडेंट पहुंचा शार्क के मंच पर

**नई दिल्ली।** शार्क टैंक इंडिया के पिछले सीजन ऑडियंस के बीच जबरदस्त हिट रहे हैं। देशभर से लोग अपना नया आईडिया लेकर शार्क के पास फंडिंग के लिए पहुंचे थे। शो की सफलता देखते हुए शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 आया और आते ही हिट हो गया। इस बार शो पर आनंद कुमार की सुपर 30 से उनका एक पुराना स्टूडेंट पहुंचा है जिसने अपने बिजनेस आईडिया से शार्क को भी हैरान कर दिया। आदित्य आनंद नाम के इस शख्स ने बताया कि इन्होंने आनंद कुमार की सुपर 30 वाले बैच से अपनी पढ़ाई की थी। और अपना बिजनेस चला रहे हैं। आदित्य मुंगेर बिहार के रहने वाले हैं। आनंद कुमार के जीवन पर ही ऋतिक रोशन की फिल्म सुपर 30 बनाई गई थी। आनंद कुमार गरीब बच्चों को फ्री और कम से कम पैसों में पढ़ाते हैं। आदित्य भी एक समय में उनकी सुपर 30 का हिस्सा रहे हैं। आनंद कुमार से पढ़ने के बाद आदित्य ने **IIT** का एंट्रेंस एग्जाम पास किया और **IIT** कानपुर से अपनी पढ़ाई पूरी की। आदित्य ने बताया कि उन्होंने पांच साल तक काम किया और खुद सेविंग कर अपना नया बिजनेस शुरू किया है जो किसी भी कंपनी के डाटा स्टॉक रिसर्च में मददगार है। ये काम वो **AI** की मदद से करते हैं। आदित्य की ये बातें सुन सभी शार्क खुश हुए। बता दें, इसके अलावा शार्क के मंच पर कई बिजनेस आईडिया पहुंचे थे।

## खतरों के खिलाड़ी 15 के कंटेस्टेंट्स की सामने आई टेंटेटिव लिस्ट

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' का साल 2025 में दर्शक इंतजार ही करते रह गए और ये शो टेलीकास्ट ही नहीं हुआ।



मगर अब इसके प्रीमियर को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होने वाले इस शो को हर बार की तरह रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे। 'बिग बॉस तक' की रिपोर्ट के मुताबिक, 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' की शूटिंग जहां पहले जनवरी में शुरू होनी थी। वहीं, अब दावा किया जा रहा है कि मई में सभी एपिसोड्स शूट किए जाएंगे और जून, 2026 में इसका प्रीमियर होगा। हालांकि, अभी किस जगह पर सेट बनाना है, ये तय नहीं हुआ है। मेकर्स अभी लोकेशन को फाइनलाइज करने का काम कर रहे हैं। शो को लेकर कंटेस्टेंट्स की टेंटेटिव लिस्ट्स भी सामने आई है। 'बॉम्बे टाइम्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस 19' के विनर गौरव खन्ना और रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट इस सीजन का हिस्सा हो सकती हैं। इनके अलावा, अभिषेक बजाज, बसीर अली का भी नाम सामने आ रहा है।

# 2016 के ट्रेंड में शामिल हुईं भूमि

## शेयर की अक्षय के साथ पहली तस्वीर

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर भी बॉलीवुड की बाकी सेलेब्स की तरह सोशल मीडिया पर '2016' ट्रेंड में शामिल हो गई हैं। अपनी तस्वीरों की एक पोस्ट में भूमि ने उस साल के कई पलों को साझा किया है, जिनमें अक्षय कुमार के साथ उनकी पहली तस्वीर, बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के लिए पिलाटेस सेशन शामिल हैं। भूमि की ये पोस्ट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। भूमि ने 2015 में फिल्म दम लगा के हईशा से अपनी एक्टिंग की शुरुआत की थी। आयुष्मान खुराना के साथ इस फिल्म में भूमि ने एक मोटी टीचर का रोल निभाया था। उस समय उन्होंने पुरानी सोच को तोड़कर अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया था। 2016 में उन्होंने अपना वजन कम किया और अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' में काम किया। अपनी नई पोस्ट में, भूमि ने 2016 के कुछ यादगार पलों को शेयर किया, जैसे उनका पहला फोटोशूट और बॉडी चेंज की तस्वीरें। भूमि पेडनेकर ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, '2016 सपनों से भरा साल था। 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' के सेट पर- पहली स्लाइड में भूमि ने 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' के सेट से अक्षय के साथ एक मजेदार सेल्फी शेयर की है। दूसरी स्लाइड में उनके पहले फोटोशूट की तस्वीर है, जिसमें वो काली ड्रेस में पोज दे रही हैं। फिल्मफेयर मैगजीन में भूमि का पहला फीचर 2016 में आया था। उन्होंने अपने शरीर को बदलने के लिए पिलाटेस किए थे। भूमि की तस्वीरों में एक मजेदार तस्वीर अक्षय कुमार के साथ है। दोनों सेल्फी में साथ हैं, और पीछे एक भारतीय टॉयलेट दिख रहा है। आखिरी तस्वीर उनकी बहन समीक्षा पेडनेकर के साथ है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसकी बहुत तारीफ कर रहे हैं।



# केवल एक घर में शूट हुई ये दिल छू लेने वाली फिल्म

**मुंबई।** अगर आप हिंदी फिल्में देखने के शौकीन हैं और कुछ नया और अलग कंटेंट देखना चाहते हैं तो हम आपको साल 2022 में आई एक ऐसी शॉर्ट फिल्म के बारे में बता रहे हैं जो आपको यकीनन पसंद आएगी। फिल्म में न तो बहुत से डायलोग्स हैं और न ही बहुत सारे किरदार, फिर भी ये हिंदी फिल्म यकीनन आपके दिल को छू लेगी। फिल्म में जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है द लास्ट एनवेलप। फिल्म में केवल तीन किरदार हैं। फिल्म नें अनु कपूर, शीबा चड्ढा और तेहरान बख्शी नजर आए हैं। इस फिल्म की खास बात है कि फिल्म को केवल एक घर में शूट किया गया है। फिल्म में केवल एक लोकेशन और तीन कलाकार हैं।



### जापान की इस सर्विस पर आधारित है फिल्म

यह फिल्म जापान में 1990 में शुरू हुई उस सर्विस पर आधारित है जहां सर्विस प्रोवाइडर्स कस्टमर्स को एक्टर्स प्रोवाइड कराते हैं जो उनके करीबी और रिश्तेदारों की जगह घर आते हैं और परिवार के साथ थोड़ा टाइम बिताते हैं और उनके रिश्तेदारों की तरह ही एक्ट करते हैं। यह सर्विस सबसे पहले जापान में शुरू हुई थी ताकि एक आदर्श सामाजिक व्यवस्था और बुजर्गों के प्रति स्वस्थ और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाया जा सके।

### क्या है फिल्म की स्टोरीलाइन?

फिल्म की शुरुआत ऐसे मां-बाप से होती है जो अपने बेटे के बर्थ डे पर उसके घर आने का इंतजार कर रहे होते हैं। मां अपने बेटे के लिए उसके मन का खाना बना रही होती है। पिता घर की सफाई कर रहे होते हैं। फिर दरवाजे पर दस्तक होती है। माता-पिता दरवाजा खोलकर बेटे का स्वागत करते हैं। पूरा परिवार एक साथ एंजॉय कर रहा होता है कि तभी बेटे की नजर घड़ी पर पड़ती है और कमरे में सन्नाटा छा जाता है। इसके बाद कहानी में एक ट्विस्ट आता है। ऐसा ट्विस्ट जो किसी को भी इमोशनल कर सकता है।


## अगर तुम आना चाहती हो, तो क्या मैं मना कर दूं

# 9 भाषाओं में बनाई गई ये तेलुगू फिल्म, 8 में हुई हिट

***मुंबई।*** *करीब 26 साल पहले एक ऐसी तेलुगू फिल्म रिलीज हुई थी जिसे कई भाषाओं में बनाया गया था। एक शानदार कहानी जिसने कई मेकर्स को प्रभावित किया। आठ भाषाओं में सफल होने वाली इस फिल्म का हिंदी रीमेक फ्लॉप निकला। साल 2005 तेलुगू भाषा में एक फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने उस समय के बॉक्स ऑफिस नंबर्स को हिलाकर कर रख दिया था। सिर्फ 4 करोड़ में बनी इस फिल्म ने 18 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। ये फिल्म इतनी पसंद की गई कि हिंदी समेत 9 भाषाओं में बनाया गया। 8 भाषा में जबरदस्त सफलता मिली लेकिन सिर्फ हिंदी में ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई। इस फिल्म का तेलुगू नाम है 'नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना'। इस नाम का हिंदी मतलब है 'अगर तुम आना चाहती हो, तो क्या मैं मना कर दूं?'।*

### अनोखी रोमांस पर आधारित थी

प्रभुदेवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना एक्टर सिद्धार्थ, तृषा, श्रीहरी के साथ मिलकर बनाई गई थी। फिल्म में एक छोटे रोल में प्रकाश राज भी नजर आए और खुद डायरेक्टर प्रभु देवा ने कैमियो किया था। फिल्म एक अनोखी रोमांस पर आधारित थी। उस समय ऐसी कहानी कम ही देखी गई थी इसलिए इस तेलुगू वर्जन को ऑडियंस ने खूब प्यार दिया। फिल्म को IMDB पर 7।9 की रेटिंग मिली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म की कहानी सलमान खान की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से प्रेरित थी। फिल्म रिलीज हुई थी तो भीड़ थिएटर के बाहर जमा होने लगी थी। ये सबूत था इस फिल्म की सफलता का। बाद में इस फिल्म को 9 भाषाओं में बनाया गया।




### रमैया वस्तावैया 2013 में हुई थी रिलीज

साल 2006 में इसी फिल्म का तमिल रीमेक रिलीज हुआ जिसका नाम था उनक्कुम एनाक्कुम, कन्नड़ में नीनेलो नानाल्ले, बंगाली में आई लव यू, मणिपुर में निंगोल थाजबा, ओड़िया में सुना चढ़ी मो रूपा चढ़ी, पंजाबी में तेरा मेरा की रिश्ता, बंगलादेशी में निसाश अमर तुमि, नेपाली में द फ्लैश बैकः फर्केरा हेर्दा, हिंदी में बनाई गई थी रमैया वस्तावैया जो साल 2013 में रिलीज हुई थी।

### हिंदी में फ्लॉप

हिंदी रीमेक रमैया वस्तावैया का रिलीज हु थी। इस फिल्म को ओरिजिनल डायरेक्टर प्रभु देवा ने ही डायरेक्ट किया था। फिल्म में गिरीश कुमार श्रुति हासन लीड रोल में थे और सोनू सूद ने निभाया था भाई का किरदार। 38 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 36 करोड़ ही कमाए थे। बॉक्स ऑफिस पर ये अकेली रीमेक फिल्म थी जो फ्लॉप हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी। हालांकि ऑडियंस ने इस फिल्म का म्यूजिक पसंद किया था।

## खबर संक्षेप



### पंचतत्व राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

**राउरकेला।** सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति समर्पित संस्था पंचतत्व द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम का भव्य और सफल समापन हो गया। संस्था के प्रमुख जनमेजय महांति के नेतृत्व तथा झिलिमा महांति के संयोजन में आयोजित इस महोत्सव में कला, साहित्य और रंगमंच की विविध विधाओं का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में प्रज्ञा परमिता दास, स्मिता मिश्रा सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने सहभागिता की। अतिथियों ने पंचतत्व के इस प्रथम राष्ट्रीय प्रयास की सराहना करते हुए संस्था की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता और आयोजन की प्रशंसा की।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सड़क कनेक्टिविटी ...

चराईडाँड मार्ग का 16.80 किलोमीटर का निर्माण कार्य एवं वर्टीकल प्रोफ़ाइल करेक्शन तथा पुल पुलिया का चौड़ीकरण कार्य, कांसाबेल - बगीचा मार्ग लंबाई 39.00 किलोमीटर में मजबूतीकरण पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य, ग्राम पोड़ीखुर्द से ग्राम सुलेशा के बीच दनगरी घाट लंबाई 13.60 किलो मीटर का निर्माण कार्य, बिछीकानी दूढरुपारा से जमरगी तक मार्ग लंबाई 9.40 किलो मीटर में सड़क निर्माण कार्य, बालाछापर - आरा सकरडेगा लंबाई 14.40 किलो मीटर का सुदृढ़ीकरण कार्य, पोटकोसेमेर साजापानी केदापानी से कर्राडांड दुलदुला पहुंच मार्ग, लोरोदोफा से गढ़ारामबंध होते हुए जामपानी तक, ठूठीअंबा से कादोपानी झारखंड पहुंच मार्ग तक, अबिरा से पंडरीअंबा मार्ग, नन्हेंसर से लालदरा, पहारटोली से धुईपानी, धनपाठ से कामारीमा वडापा बरुवा पहाड़, बनगांव से डीपाटोली, लोरोदोफा से गढ़ारामबंध होते हुए जामपानी तक एवं छेड़डांड से टुकुरोली पहुंच मार्ग सहित अन्य कार्य शामिल है।

### जशपुर वनमण्डल ने दिए सख्त निर्देश, जंगल जलाने वालों पर गिरेगी गाज

# अग्निकाल से पहले एक्शन मोड में वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आगामी अग्निकाल को देखते हुए जशपुर जिले में वन सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जशपुर वनमण्डल द्वारा 16 जनवरी को वनमण्डलस्तरीय अग्नि सुरक्षा कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान वन अधिकारियों और कर्मचारियों को जंगलों में आग की रोकथाम, त्वरित कार्रवाई और प्रभावी प्रबंधन को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।वन विभाग के अनुसार 16 फरवरी से 15 जून तक की अवधि को अग्निकाल माना जाता है। इस समय जंगलों में लगने वाली आग से भारी नुकसान होता है। आग से जहां जंगलों का प्राकृतिक पुनरुत्पादन रुक जाता है, वहीं छोटी वनस्पतियां नष्ट हो जाती हैं और वृक्षों की काष्ठ गुणवत्ता पर भी गहरा असर पड़ता है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आग की किसी भी घटना की सूचना मिलते ही संबंधित बीट, परिक्षेत्र और उपवनमण्डल स्तर के अधिकारी-कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचें।

उन्होंने कहा कि अग्नि प्रहरी और संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्यों के सहयोग से आग को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जाए। वनमण्डलाधिकारी ने दो टूक कहा कि "समय पर की गई कार्रवाई ही बड़े नुकसान को रोक सकती है।

**खास बात**

- अग्निकाल में लापरवाही नहीं, आग लगी तो तुरंत मौके पर पहुंचेगा अमला



#### जानबूझकर आग लगाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई

कार्यशाला में यह भी साफ किया गया कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर जंगल में आग लगाता पाया गया या ऐसी सूचना प्रमाणित होती है, तो उसके खिलाफ भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26 एवं 79 तथा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9 के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

फायर लाइन से लेकर जनजागरूकता पर जोर कार्यक्रम के दौरान अग्नि रोकथाम के व्यावहारिक पहलुओं पर विशेष फोकस किया गया। इसमें फायर लाइन का निर्माण और नियमित रख-रखाव, अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान,सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना, ग्रामीण स्तर पर जनजागरूकता अभियान, त्वरित सूचना तंत्र और विभागीय समन्वय, जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

#### ग्रामीणों की सहभागिता अहम

वन अधिकारियों ने कहा कि जंगलों की सुरक्षा केवल विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें ग्रामीणों और वन आश्रित समुदायों की भूमिका सबसे अहम है। संयुक्त वन प्रबंधन समितियों की सक्रिय भागीदारी से ही जंगलों को आग जैसी आपदाओं से सुरक्षित रखा जा सकता है।

#### आम लोगों से अपील

जशपुर वनमण्डल ने जिले वासियों से अपील की है कि अग्निकाल के दौरान जंगलों में आग न लगाएं, महुआ बीनने या अन्य कारणों से आग का प्रयोग न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत वन विभाग को दें।

# अधिकारियों का आदेश नहीं मान रहे कर्मचारी




**पुसौर।** मुख्यालय पुसौर में स्थापित विकास कार्यो से जुड़े प्रमुख कार्यालय जनपद एवं नगर पंचायत है जिनके अधिकारियों के मौखिक एवं लिखित आदेश को उनके कर्मचारी ही नहीं मान रहे हैं। जिससे जनता का भरोसा दिनों दिन कम होने लगास है।

जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत पुसौर के सीईओ विकास कार्यो से जुडे आहुत किए गए बैठकों आदि में कुछ कर्मचारी उसका पालन नहीं कर रहे हैं। वहीं नगर पंचायत के सीएमओ के आदेश को भी सफाई से जुडे कर्मचारी अवहेलना कर रहे हैं। नगर पंचायत पुसौर के बाजार के पास स्थित मंगल भवन की सफाई के लिए सीएमओ ने निर्देश दिया था, लोंकिन सफाई किया ही नहीं गया। ज्ञात हो उक्त मंगल भवन के निर्माण की राशि आहरण हो गया है और अब भी मंगल भवन में बहुत सारे काम बाकी। नगर पंचायत को हैंड ओवर भी नहीं हुआ है, बावजूद इसके जरूरत के मुताविक नगर वासी भवन का उपयोग कर रहे हैं ।







# गौ विज्ञान परीक्षा को सफल बनाने शिक्षक ने चलाया सम्पर्क अभियान

**घरघोड़ा।** गौ माता के संरक्षण संवर्धन एवं भारतीय संस्कृति को लेकर आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा में अधिकाधिक भाग लेने वाले विद्यार्थी उपस्थित हो इसके लिए शासन अपने स्तर से प्रयास कर रहा है। इसके लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शास कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में कार्यरत शिक्षक विजय पंडा ने रविवार अवकाश के दिन संबंधित छात्राओं एवं उनके पालकों से सम्पर्क जन जागरूकता अभियान चलाते हुए उनके घर-घर जाकर गौ परीक्षा एवं गौ माता के महात्मय को बताया। जिससे छात्राओं, लोगों के मध्य उत्साह एवं गौ माता के मध्य श्रद्धा का वातावरण निर्मित हुआ। छात्राओं को प्रदत्त गाय धर्म और विज्ञान उपयोगी पुस्तक को परीक्षा पश्चात पालकों को भी पढ़ने का अनुरोध किया। ज्ञात हो की उक्त परीक्षा को सफल बनाने हेतु

- आज होगी प्रदेश के विद्यालयों मे परीक्षा



# डबल कैज़व्हील में पट्टी नहीं लगी तो पुलिस कर सकती है ट्रेक्टर जब्त

**सारंगढ़।** रबी का मौसम शुरू हो गया है, जिले के सड़कों को बचाने के लिए डबल कैज़व्हील में पट्टी लगाना होगा। इससे सड़क ख़राब नहीं होगा और आवागमन में सड़क सुविधा बरकरार रहेगा। काफ़ी मशक्क़त के बाद एक सड़क बनता है, ऐसे में जब हमारे शहर और गांव के किसान, नागरिक जब खुद ही सड़क खराब करने लगे तो जुर्माना किया जाएगा, लेकिन सड़क खराब होने से बचाने के लिए डबल कैज़व्हील चालकों को रोकना, मना करना और नहीं मानने पर थाना और तहसीलदार के माध्यम से गाड़ी जब्त करना होगा। सरिया तहसील अंतर्गत ग्राम मानिकपुर, बोन्दा, सांकरा एवं सरिया मे डबल कैज़ेव्हील युक्त ट्रेक्टर को मुख्य सड़को पर चलाने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध जब्ती और चलानी कार्रवाई किया जा चुका हैं। नगर पंचायत सरिया में तहसील के समस्त ग्राम के सरपंच, सचिव एवं पटवारी का बैठक में कैज़ेव्हीलयुक्त ट्रैक्टर, वाहनों को सड़को पर नहीं चलाने निर्देश दिया गया है।





